RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार 22 अप्रैल 2025 | वर्ष 07 | अंक 04 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

## मुंबई : भगवती अस्पताल में मरीजों को सस्ती चिकित्सा सेवा मिलेगी - पीयूष गोयल



Page - 2

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# मुम्बई : मुलुंड में प्रस्तावित बहुप्रतीक्षित बर्ड पार्क को लेकर बड़ा फैसला

### राज्य सरकार ने दी मंजूरी

**मुंबई:** मुलुंड में प्रस्तावित बहुप्रतीक्षित बर्ड पार्क को लेकर बड़ा फैसला हुआ है. बीएमसी द्वारा नाहुर के एक भूखंड की भूमि आरक्षण में बदलाव के लिए शहरी विकास विभाग को भेजे गए प्रस्ताव को राज्य सरकार ने मंजूरी दे दी है. अब यह भूखंड औपचारिक रूप से ''बर्ड पार्क'' के लिए आरक्षित कर दिया गया है. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में हाल ही में हुई समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया. मुलुंड के विधायक मिहिर कोटेचा के अनुरोध पर यह मुद्दा उठाया गया था. जनवरी 2024 में मुंबई चिड़ियाघर के निदेशक ने इस भूखंड के आरक्षण को बदलने का प्रस्ताव भेजा था.



बीजेपी विधायक मिहिर कोटेचा ने बताया कि पहले यह भूखंड गार्डन/पार्क के लिए आरक्षित था. मेरे अनुरोध के बाद बीएमसी ने सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित करने की प्रक्रिया सितंबर 2024 तक पूरी की. इसके बाद जनवरी 2025 में प्रस्ताव शहरी विकास विभाग को सौंपा गया और फरवरी में शहरी नियोजन निदेशक ने रिपोर्ट भेजी. सरकार ने 7 अप्रैल को आरक्षण बदलाव को अधिसूचित कर दिया.


**मुलुंड पक्षी पार्क को 206 पक्षियों की प्रजातियां शामिल**

यह प्रस्तावित बर्ड पार्क 17,958 वर्ग मीटर क्षेत्र में बनेगा और यह भायखला स्थित वीरमाता जीजाबाई भोसले उद्यान एवं चिड़ियाघर का एक उप-केंद्र के रूप में कार्य करेगा. विधायक कोटेचा के प्रयासों के बाद बीएमसी ने बर्ड पार्क की योजना केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण को भी भेज दी है.

**विदेशी थीम पर बनेगा पार्क**

बर्ड पार्क में एशियन जोन, अफ्रीकन जोन, ऑस्ट्रेलियन जोन और अमेरिकन जोन जैसे थीम-आधारित एनक्लोजर होंगे, जहां विभिन्न पक्षियों को उनके प्राकृतिक आवास के अनुसार रखा जाएगा. पार्क में कुल 206 पक्षी होंगे, जो 18 क्षेत्रीय, संकटग्रस्त और विदेशी प्रजातियों का प्रतिनिधित्व करेंगे. इनमें रेड-ब्रेस्टेड पैराकीट, ब्लॉसम-हेडेड पैराकीट, वाइट पीकॉक, मालाबार ग्रे हॉर्नबिल, ब्लैक स्वान, ब्लैक मुनिया, गाला कॉकटू, शुतुरमुर्ग, क्राउंड पिजन और स्कार्लेट मकॉ जैसी प्रजातियाँ शामिल हैं.

## नई दिल्ली : नक्सलवाद को खत्म करने की हमारी मुहिम निरंतर जारी रहेगी, गृह मंत्री अमित शाह ने किया बड़ा एलान



**नई दिल्ली :** झारखंड में सुरक्षा बलों की तरफ से आठ नक्सलियों को मार गिराने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि नक्सलवाद को खत्म करने के लिए उनकी सरकार की प्रतिबद्धता बरकरार है। बता दें कि, झारखंड के बोकारो जिले में सीआरपीएफ और पुलिस के कोबरा कमांडो के साथ मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए, जिनमें एक करोड़ रुपये का इनामी नक्सली भी शामिल है।

**हमारे सुरक्षा बलों की सराहना करें- अमित शाह**

केंद्रीय गृह मंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- ''नक्सलवाद को खत्म करने के लिए हमारा अभियान निरंतर जारी है।

आज सुरक्षा बलों को नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ने के लिए चल रहे अभियान में एक और महत्वपूर्ण सफलता मिली। झारखंड के बोकारो में लुगु हिल्स में मुठभेड़ में आठ माओवादियों को ढेर कर दिया गया, जिसमें एक शीर्ष स्तर का नक्सली नेता विवेक, जिस पर एक करोड़ रुपये का इनाम था, और दो अन्य कुख्यात नक्सली शामिल हैं। अभियान जारी है। हमारे सुरक्षा बलों की सराहना करें।''

## मुंबई : बुलेट ट्रेन परियोजना 394 किमी पर पियर निर्माण का काम पूरा

**मुंबई:** : देश की पहली मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना काम काम तेजी से पूरा हो रहा है। नेशनल हाईस्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) ने 508 किलोमीटर लंबे पूरे रूट का ताजा अपडेट साझा किया है।

एनएचएसआरसीएल के अनुसार 18 अप्रैल तक बुलेट ट्रेन के 293 किमी ट्रैक पर वायाडक्ट निर्माण का काम पूरा हो चुका है। इतना नहीं है। 375 किमी रूट पर पियर निर्माण और 394 किमी पर पियर निर्माण का काम पूरा हो चुका है। एनएचएसआरसीएल के अनुसार 320 किमी ट्रैक पर गर्डर कास्टिंग का काम पूरा हो चुका है। इतना ही नहीं रूट पर पड़ने वाली 14 नदियों पर पुलों का निर्माण पूरा हो गया है।

**इन नदियों पर काम पूरा**

इनमें पार (वलसाड जिला), पूर्णा (नवसारी जिला), मिंधोला (नवसारी जिला), अंबिका (नवसारी जिला), औरंगा (वलसाड जिला), वेंगानिया (नवसारी जिला), मोहर (खेड़ा जिला), धाधर (वडोदरा जिला), कोलक (वलसाड जिला), वत्रक (खेड़ा जिला), कावेरी (नवसारी जिला), खरेरा (नवसारी जिला), मेशवा (खेड़ा) जिला) और किम (सूरत जिला)। इसके साथ ही सात स्टील ब्रिज और पांच पीएससी ब्रिज पूरे हो चुके हैं।



**गुजरात में लग रहे नॉइज बैरियर**

NHSRCL ने बताया है कि गुजरात में वायाडक्ट पर नॉइज बैरियर लगाने का काम चल रहा है। 150 किलोमीटर लंबे मार्ग पर करीब 3 लाख नॉइज बैरियर लगाए जा चुके हैं। गुजरात में अब तक लगभग 143 किलोमीटर ट्रैक बेड का निर्माण किया जा चुका है। 200 मीटर लंबे पैनल बनाने के लिए वायाडक्ट पर रेल की वेल्डिंग का काम भी चल रहा है। गुजरात में ओवरहेड इक्विपमेंट मास्ट लगाने का काम चल रहा है। सूरत-बिलिमोरा बुलेट ट्रेन स्टेशनों के बीच 100 से ज्यादा ओएचई मास्ट लगाए जा चुके हैं, जो मेनलाइन वायाडक्ट के लगभग 2 किलोमीटर हिस्से को कवर करते हैं।

**मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना**

**कुल लंबाई:** 508 किमी

**गुजरात-डीएनएच:** 352 किमी

**महाराष्ट्र:** 156 किमी

(**12 स्टेशन:** मुंबई, ठाणे, विरार, बोइसर, वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद, अहमदाबाद, साबरमती)

## मुंबई : भाजपा विधायक अमीत सतम के दफ्तर का कर्मचारी बताकर शख्स से 25 हजार रुपये की मांग; अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज




**मुंबई:** : मुंबई में एक अज्ञात व्यक्ति ने खुद को भाजपा विधायक अमीत सतम के दफ्तर का कर्मचारी बताकर एक जान पहचान वाले शख्स से 25 हजार रुपये की मांग की। आरोपी ने ये रकम शैक्षणिक मदद के नाम पर मांगी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

**क्या हुआ था मामला?**

पुलिस के मुताबिक, चैतन्य नाइक को पिछले हफ्ते एक अनजान नंबर से फोन कॉल आया। नाइक अंधेरी (पश्चिम) से विधायक अमीत सतम के परिचित हैं। फोन करने वाले ने खुद को ''सहगल ''बताया और कहा कि वह विधायक के दफ्तर से बोल रहा है। इसके बाद उस व्यक्ति ने चैतन्य को एक मैसेज भेजा, जिसमें 25,000 रुपये की मांग की गई और कहा गया कि यह रकम किसी की पढ़ाई में मदद के लिए चाहिए।

चैतन्य को शक हुआ, तो उन्होंने सीधे विधायक अमीत सतम को फोन कॉल किया। बात करने पर साफ हो गया कि ये कॉल और मैसेज फर्जी थे और कोई शख्स उन्हें ठगने की कोशिश कर रहा था। इसके बाद चैतन्य नाइक ने जुहू थाने में शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है और मामले की जांच की जा रही है।

## मुम्बई : समर कैम्प में स्विमिंग सीखने गए 11 साल के बच्चे की डूबने से मौत



**मुंबई:** : समर कैम्प में स्विमिंग सीखने गए 11 साल के बच्चे की पूल में डूबने से मौत हो गई है. यह घटना रविवार सुबह लगभग 10:30 बजे की है. मृतक छात्र का नाम ग्रंथ मुथा है. जिस स्विमिंग पूल में हादसा हुआ, वह मीरा भाईंदर महानगरपालिका का है. इस मामले में 6 लोगों पर केस दर्ज किया गया है. इस मामले में नवघर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ठेकेदार समेत 6 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है.

**ट्रस्ट पर फजीवड़े का मामला दर्ज**

नारायण सुभाष नायक, हिंगोला सीमांचल नायक, प्रथमेश मोहन कदम, अर्जुन लक्ष्मण कदम, साहस चैरिटेबल ट्रस्ट के ठेकेदार और प्रबंधन वर्ग अन्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया है.

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : मंगलवार 22 अप्रैल 2025



# संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## राज्यपाल के दायित्व...

संविधान में विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की भूमिका, लक्ष्मण-रेखाएं और मयार्दाएं स्पष्ट रूप से परिभाषित हैं। सभी अपने-अपने क्षेत्रों में स्वतंत्र हैं। कोई भी अन्य के विशेष क्षेत्र में दखल नहीं दे सकता। संविधान का अनुच्छेद 122 संसद की कार्यवाही की वैधता को प्रक्रियागत अनियमितता के आधार पर चुनौती देने से रोकता है। यह संसद के आंतरिक मामलों को न्यायिक समीक्षा से सुरक्षित रखता है और इसकी विधायी स्वतंत्रता की रक्षा करता है। इस संवैधानिक व्यवस्था के बावजूद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को यह बयान देना पड़ा कि अनुच्छेद 142 न्यायपालिका के लिए 'परमाणु मिसाइल' बन गया है। यह मिसाइल 24 घंटे न्यायपालिका को हासिल है। उपराष्ट्रपति देश का दूसरा सर्वोच्च संवैधानिक पद है। उन्होंने कहा है कि सर्वोच्च अदालत देश के राष्ट्रपति को निर्देश नहीं दे सकती। कुछ सेवानिवृत्त न्यायमूर्तियों ने स्पष्ट किया है कि देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली न्यायिक पीठ ने राष्ट्रपति को कोई भी, किसी भी तरह का, निर्देश नहीं दिया है। यह पीठ का फैसला पढ़ कर समझा जा सकता है। दरअसल चर्चा उस प्रकरण के संदर्भ में शुरू हुई थी, जब तमिलनाडु के राज्यपाल ने विधानसभा से पारित विधेयकों पर मुहर नहीं लगाई थी और उन्हें दबा कर बैठे थे। ऐसा कई राज्यपाल गैर-भाजपा शासित राज्यों में कर रहे हैं। यह रिकॉर्ड देखा जा सकता है। सर्वोच्च अदालत ने अनुच्छेद 142 के तहत विशेष शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए न केवल उन विधेयकों को कानून बना दिया, बल्कि राज्यपाल के लिए निर्देश भी तय कर दिए। बेशक राष्ट्रपति को न तो निर्देश दिए जाते और न ही 'परमाणु मिसाइल' की स्थिति बनी है। भारत में राष्ट्रपति केंद्रीय कैबिनेट की सलाह पर काम करते हैं।

गृह मंत्रालय में उपसचिव अथवा वरिष्ठ स्तर के अधिकारी तय किए जाते हैं, जो राष्ट्रपति के आधार पर निर्णय लेते हैं और फिर राष्ट्रपति उस फाइल पर हस्ताक्षर करते हैं। बेशक सर्वोच्च अदालत गृह मंत्रालय के अधिकारियों को निर्देश दे सकती है। दलीलें यहां तक दी गईं कि राष्ट्रपति देश के प्रधान न्यायाधीश और सर्वोच्च अदालत के अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति करते हैं। एक नौकर नियोक्ता को निर्देश कैसे दे सकता है? दरअसल ऐसे निर्णय भी सरकार और कैबिनेट के स्तर पर लिए जाते हैं और फिर संबद्ध मंत्रालय द्वारा भेजी गई फाइल पर राष्ट्रपति हस्ताक्षर करते हैं। राष्ट्रपति एक मायने में, लिखित रूप से, नियोक्ता हैं और सरकार की कार्यप्रणाली के मुताबिक, नियोक्ता नहीं भी हैं। हमें नहीं लगता कि न्यायपालिका ने संवैधानिक लक्ष्मण-रेखाओं को पार किया है। बल्कि ऐसी हरकत भाजपा सांसदों ने की है।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबई : भगवती अस्पताल में मरीजों को सस्ती चिकित्सा सेवा मिलेगी - पीयूष गोयल



**मुंबई :** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत मुंबई के बोरीवली इलाके में पुनर्निर्मित भगवती अस्पताल में मरीजों को सस्ती चिकित्सा सेवा मिलेगी. उन्होंने कहा कि भगवती अस्पताल को आम लोगों की सेवा के लिए बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) या धर्मार्थ आधार पर चलाया जाएगा. उत्तर मुंबई निर्वाचन क्षेत्र के सांसद पीयूष गोयल ने शनिवार को बोरीवली में स्थानीय बीएमसी वार्ड कार्यालय में निर्वाचन क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के कार्यों की समीक्षा बैठक की.बैठक के दौरान नगर निगम प्रमुख भूषण गगरानी और वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे.

गोयल ने कहा, ''भगवती अस्पताल को न लाभ, न हानि के आधार पर चलाया जाएगा और यह सुनिश्चित करेगा कि आम लोगों को आयुष्मान भारत योजना के तहत सस्ती चिकित्सा मिले.'' मुंबई नगर निगम ने 500 करोड़ रुपये की लागत से इस अस्पताल का पुनर्विकास किया है.बीएमसी के प्रस्ताव के अनुसार, 148 बिस्तरों का उपयोग बीएमसी चिकित्सा उपचार दरों के अनुसार किया जाएगा, जबकि शेष 480 बिस्तरों का उपयोग निजी बिस्तरों के रूप में किया जाएगा.

बीएमसी ने पुनर्विकसित नागरिक संचालित भगवती अस्पताल को सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत चलाने के लिए निविदाएं आमंत्रित की हैं और इस निर्णय का नागरिकों और राजनीतिक दलों ने विरोध किया है.गोयल ने बोरीवली में संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान में एक खिलौना ट्रेन शुरू करने का भी उल्लेख किया. उन्होंने कहा, ''मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान खिलौना ट्रेन के बारे में चर्चा की है.खिलौना ट्रेन का काम दो साल में पूरा हो जाएगा.'' मलाड मालवणी में मैंग्रोव पर अतिक्रमण के बारे में गोयल ने एक पुलिस चौकी स्थापित करने और क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने का सुझाव दिया. उन्होंने उत्तरी मुंबई में तालाबों और रेलवे स्टेशनों के पुनरुद्धार का भी उल्लेख किया.नगर निगम के अधिकारी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) की मदद से उत्तरी मुंबई में लगभग 11 तालाबों को सुंदर बनाने की योजना बनाएंगे.पीयूष गोयल ने कहा, ''दहिसर, बोरीवली, मलाड और कांदिवली रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत योजना में शामिल किया गया है.'' उन्होंने कहा कि उन्होंने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ चर्चा की है और जनप्रतिनिधियों के परामर्श से जल्द ही स्टेशन विकास योजना तैयार की जाएगी.

# नवी मुंबई : पेड़ों को बिजली की रोशनी से सजाने पर रेस्तरां के खिलाफ सख्त कार्रवाई



**नवी मुंबई :** नवी मुंबई नगर निगम ने पेड़ों को बिजली की रोशनी से सजाने के लिए बेलापुर स्थित एक रेस्तरां के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है, यह कदम नगर निगम के पर्यावरण नियमों का उल्लंघन है। बेलापुर के सेक्टर 3 में स्थित पवन रेस्तरां और बार पर 10,000 रुपये का जुमार्ना लगाया गया, क्योंकि पाया गया कि उसने अपने परिसर के बाहर पेड़ों पर लाइटिंग लगाई हुई थी। यह कार्रवाई बेलापुर जोनल फ्लाइंग स्क्वाड द्वारा सहायक आयुक्त और जोनल अधिकारी डॉ. अमोल पालवे की देखरेख में और उद्यान विभाग के डिप्टी कमिश्नर (जोन 1) श्री किशनराव पलांडे के मार्गदर्शन में की गई।

यह जुमार्ना नवी मुंबई नगर निगम वृक्ष प्राधिकरण द्वारा 27 जनवरी को पारित संकल्प संख्या 7461 के अनुसार लगाया गया, जो पेड़ों पर विज्ञापन लगाने या बिजली की रोशनी लगाने जैसी हानिकारक गतिविधियों पर रोक लगाता है। वृक्ष प्राधिकरण ने यह स्पष्ट कर दिया है कि इस तरह से पेड़ों को नुकसान पहुँचाने वाले किसी भी व्यक्ति, संगठन या व्यवसाय पर प्रति पेड़ 10,000 रुपये का जुमार्ना लगाया जाएगा। नगर निगम के अधिकारियों ने दोहराया कि इस तरह की प्रथाएँ पेड़ों और आसपास के पर्यावरण दोनों को नुकसान पहुँचाती हैं। उन्होंने जनता और व्यवसाय मालिकों से इन उल्लंघनों से बचने का आग्रह किया ताकि भविष्य में सख्त दंड का सामना न करना पड़े। ऐसी गतिविधियों पर नजर रखने और उन्हें रोकने के लिए सभी नगर निगम क्षेत्रों में एक विशेष प्रवर्तन अभियान की भी योजना बनाई जा रही है।

# पवई झील का कायाकल्प...

## एनजीओ के साथ मिलकर 22 अप्रैल को झील की सफाई और संरक्षण अभियान



**मुंबई :** प्रसिद्ध पवई झील का कायाकल्प होने जा रहा है, क्योंकि महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपीसीबी) एनजीओ के साथ मिलकर 22 अप्रैल को झील की सफाई और संरक्षण अभियान चलाएगा। यह अभियान विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। पवई झील सफाई अभियान पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री पंकजा मुंडे के नेतृत्व में राज्यव्यापी पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता अभियान की शुरूआत करेगा। यह अभियान 22 अप्रैल से 1 मई (महाराष्ट्र दिवस) तक चलेगा। अभियान आईआईटी बॉम्बे के पास पवई झील के गणेश घाट पर सुबह 6.30 बजे शुरू होगा।

हालांकि, पर्यावरणविदों का कहना है कि जल निकायों के संरक्षण के लिए केवल सफाई ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि बहाली, पर्यटकों के लिए पहुंच और सैरगाह के विकास के लिए एजेंसियों के बीच समन्वय भी महत्वपूर्ण है। पवई झील सफाई और संरक्षण अभियान में भाग लेने वाले एनजीओ में से एक वनशक्ति है। वनशक्ति के निदेशक पर्यावरणविद् स्टालिन डी ने कहा, ''यह सराहनीय है कि सफाई का काम व्यवस्थित तरीके से किया जा रहा है, जो कि जरूरी भी है, हालांकि, झील में कई समस्याएं हैं, जिनका समाधान किया जाना चाहिए। अगर कोई गतिविधि की जानी है, तो कम से कम तीन एजेंसियों की मंजूरी की जरूरत होगी, जैसे कि बीएमसी की हाइड्रोलिक, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन आदि। एजेंसियों के बीच समन्वय मुश्किल है।''

# मुंबई : सायन ओवरब्रिज को ब्लॉक के दौरान तोड़ने की प्रक्रिया शुरू

**मुंबई :** मध्य रेलवे (सीआर) ने मुंबई के सायन रोड ओवरब्रिज को पांच घंटे के दिन के ब्लॉक के दौरान तोड़ने की प्रक्रिया शुरू की. काम सुबह 10.55 बजे शुरू हुआ और दोपहर 3.55 बजे तक जारी रहा. सीआर के प्रवक्ता ने कहा कि रविवार को सायन ब्रिज के सात पुराने गर्डर हटा दिए गए और काम आगे भी जारी रहेगा. ब्लॉक मुंबई छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) और विद्याविहार स्टेशन के बीच लागू किया गया था. रोड ओवरब्रिज को तोड़ने के अलावा विद्याविहार तक कई अन्य सेक्शन में रखरखाव और उन्नयन के काम किए गए. सीआर और बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) संयुक्त रूप से रेलवे क्षेत्र पर बिना स्पैन वाले एक नए पुल का पुनर्निर्माण करेंगे.

जिससे दो अतिरिक्त रेल लाइनों के लिए जगह बनेगी, जो 5वीं और 6वीं लाइनों का



हिस्सा होंगी. वर्तमान में, पुल रेलवे हिस्से पर लगभग 40 अधिकारियों ने बताया कि नगर एवं औद्योगिक विकास निगम (सिडको) के अधिकारियों ने हाल ही में नवी मुंबई हवाई अड्डे के उद्घाटन से पहले वहां के कार्यों को समय पर पूरा करने पर चर्चा करने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की. एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि सिडको के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक विजय सिंघल ने 17 अप्रैल को नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएमआईए) की प्रगति का आकलन करने के लिए एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की और इस बैठक का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि हवाई अड्डा बिना किसी देरी के अपने उद्घाटन और वाणिज्यिक संचालन के लिए तैयार हो.

नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, जिसकी नियोजित क्षमता 90 मिलियन यात्रियों और 3.2 मिलियन टन कार्गो प्रति वर्ष है, 20 मिलियन यात्रियों और 0.8 मिलियन टन कार्गो प्रति वर्ष की क्षमता के साथ चरण 1 संचालन शुरू करने के लिए तैयार है. वर्तमान चरण में, हवाई अड्डे में दोहरे समानांतर टैक्सीवे और एक टर्मिनल (टी 1), कार्गो टर्मिनल और कई अन्य सहायक बुनियादी ढाँचे के साथ एक रनवे होगा.

# मुंबई : नासिक में हुई हिंसा पहले से ही योजनाबद्ध थी; सख्त कार्रवाई की जा रही है - सीएम फडणवीस

**मुंबई :** नासिक के काठे गली इलाके में एक अवैध दरगाह को गिराने के दौरान 2,000 से अधिक लोगों ने पुलिस पर पथराव किया। इस पथराव में 21 पुलिसकर्मी घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और प्रदर्शनकारियों को खदेड़कर गिरफ्तार किया। इस मामले में 1,500 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और अब तक 30 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस घटना के बाद मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की।



सीएम फडणवीस ने कहा, ''नासिक में हुई हिंसा पहले से ही योजनाबद्ध थी। यहां दंगे भड़काने की कोशिश की गई थी। कोर्ट के फैसले के बाद वहां के नागरिकों ने खुद ही पुलिस को अतिक्रमण हटाने की सूचना दी और उन्होंने अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया। वहीं, दंगे में शामिल लोगों ने जानबूझकर पुलिस पर पथराव किया और दंगा भड़काया।

# मुंबई : लोखंडवाला टाउनशिप से सभी लावारिस वाहनों को हटाने का लक्ष्य

**मुंबई :** कांदिवली निवासियों ने लोखंडवाला टाउनशिप से सभी लावारिस वाहनों को हटाने का लक्ष्य रखा है। नगर निकाय और यातायात विभाग के सहयोग से स्थानीय निवासियों के संघ ने निवासियों से सड़कों पर ऐसे लावारिस वाहनों के बारे में जानकारी देने को कहा है। कांदिवली (ई) में लोखंडवाला टाउनशिप के निवासियों ने लंबे समय से सड़कों पर लावारिस वाहनों के खिलाफ खड़े होने का फैसला किया है। लोखंडवाला रेजिडेंट्स एसोसिएशन (एलआरए) ने एक स्वतंत्र अभियान शुरू किया है, जिसमें इलाके के निवासियों से उनके आवास के आसपास



लावारिस वाहनों के बारे में एसोसिएशन को सूचित करने के लिए कहा गया है।

निवासियों का संघ बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) और मुंबई पुलिस के यातायात विभाग के साथ मिलकर काम करेगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि निवासियों से प्राप्त रिपोर्टों पर सुनवाई की जाए और सड़कों से उन लावारिस वाहनों को हटाने के लिए कार्रवाई की जाए। एक परिपत्र के माध्यम से, एलआरए ने निवासियों को लावारिस वाहनों की सूचना देने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए थे। इसने निवासियों से लावारिस वाहन और जिस सड़क पर यह पाया गया था, उसकी तस्वीरें लेने को कहा। इस तरह के पहले अभियान में, लोगों से रविवार रात 9 बजे तक लावारिस वाहनों के बारे में अपनी शिकायतें साझा करने को कहा गया, जिन्हें उचित कार्रवाई के लिए अधिकारियों के साथ साझा किया जाएगा। पहले अभियान में लोगों को लावारिस वाहनों के बारे में अपनी शिकायतें साझा करने को कहा गया, जिन्हें उचित कार्रवाई के लिए अधिकारियों के साथ साझा किया जाएगा।

# पालघर : ग्रामीण अस्पतालों में 12 समर्पित हीटस्ट्रोक वार्ड स्थापित किए गए

**पालघरः** मार्च से लगातार बढ़ते तापमान के कारण पालघर जिले में हीटस्ट्रोक के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। इसके जवाब में, अत्यधिक गर्मी से प्रभावित रोगियों के लिए विशेष देखभाल प्रदान करने के लिए उप-जिला और ग्रामीण अस्पतालों में 12 समर्पित हीटस्ट्रोक वार्ड स्थापित किए गए हैं। ये वार्ड तीन उप-जिला अस्पतालों, जौहर, कासा और दहानू में स्थापित किए गए हैं, साथ ही मोखाडा, वाडा, विक्रमगढ़, मनोर, पालघर, बोइसर, वनगांव, तलासरी और विरार में स्थित नौ ग्रामीण




अस्पतालों में भी स्थापित किए गए हैं। अप्रैल की शुरुआत में इनके शुरू होने के बाद से, इन सुविधाओं में प्रतिदिन चार से दस मरीज आ रहे हैं। सौभाग्य से, पालघर जिला सिविल सर्जन डॉ. रामदास मराड ने पुष्टि की कि अभी तक कोई गंभीर मामला सामने नहीं आया है। डॉ. मराड ने बताया कि हीटस्ट्रोक, जिसे सनस्ट्रोक के रूप में भी जाना जाता है, एक गंभीर और संभावित रूप से जानलेवा स्थिति है जो लंबे समय तक उच्च तापमान के संपर्क में रहने या गर्मी में जोरदार शारीरिक गतिविधि के कारण होती है, जिससे शरीर गर्म हो जाता है। हीटस्ट्रोक से बचाव के लिए, वह मौखिक पुनर्जलीकरण घोल (ओआरएस), नींबू पानी और सादा पेयजल के लगातार सेवन की सलाह देते हैं।

# उच्च रिटर्न देने के बहाने सात निवेशकों से 1.53 करोड़ रुपये ठगने का आरोप




**ठाणे :** पुलिस एक ऐसे व्यक्ति की तलाश कर रही है, जिस पर उच्च रिटर्न देने के बहाने सात निवेशकों से 1.53 करोड़ रुपये ठगने का आरोप है। ठाणे के एक 33 वर्षीय मेडिकल प्रतिनिधि ने शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें कहा गया है कि धोखाधड़ी मई 2020 से अगस्त 2022 के बीच हुई।

कलवा के आरोपी आरआर चव्हाण ने खुद को मेडिक्लेम बीमा एजेंट बताया और दावा किया कि वह सेबी द्वारा अनुमोदित एक प्रतिभूति फर्म में भागीदार है, जो बैंकों से बेहतर रिटर्न वाली निवेश योजनाएं पेश करती है। शिकायतकर्ता ने 23 लाख रुपये का निवेश किया, लेकिन जब उसने रिटर्न मांगा, तो चव्हाण ने टालमटोल जवाब दिया। बाद में पता चला कि फर्म फर्जी थी और छह अन्य लोगों को भी इसी तरह ठगा गया था।

# मुंबई-पुणे राजमार्ग पर भीषण सड़क हादसा; तीन लोगों की मौत

**रायगढ़ :** महाराष्ट्र के मुंबई-पुणे राजमार्ग पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। कई लोग घायल हुए हैं, उनमें से चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटना का कारण एक तेज रफ्तार ट्रक थी। जिसने एक के बाद एक कई गाड़ियों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद कुछ देर तक सड़क पर आवागमन भी प्रभावित रहा।

मामला रायगढ़ के खोपोली के निकट बोरघाट का है। एक तेज रफ्तार मालवाहक ट्रक ने एक के बाद एक पांच वाहनों को टक्कर मार दी। इस घटना में जिसमें तीन लोगों की मौके पर



ही मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। बताया जा रहा है कि यह हादसा रविवार देर रात मुंबई लेन पर हुआ। पुणे से मुंबई की ओर तेज गति से जा रहे एक मालवाहक ट्रक ने एक हाईवे पेट्रोल वाहन सहित पांच गाड़ियों को टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही हाईवे पुलिस, लोनावाला, खंडाला पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान उन्होंने घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस बुलाया, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में से चार की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें इलाज के लिए पनवेल, खोपोली और लोनावाला के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इस हादसे की वजह से कुछ देर तक यातायात बाधित रहा। बाद में मुंबई-पुणे हाईवे को फिर से शुरू कर दिया गया।


इससे पहले बीते 18 अप्रैल को मुंबई के चेंबूर इलाके में बीएमसी का कचरा ट्रक सिद्धार्थ कॉलोनी इलाके के पास स्थित ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर पलट गया था। इस हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई थी, जबकि दो लोग घायल हो गए थे।

# कान फिल्म महोत्सव में मराठी फिल्मों का डंका

**मुंबई :** कान अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में इस बार मराठी फिल्मों का डंका बजेगा। महाराष्ट्र फिल्म, रंगमंच और सांस्कृतिक विकास निगम द्वारा फ्रांस में होने वाले कान अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के लिए तीन मराठी फिल्मों का चयन किया गया है। इसमें 'स्थल', 'स्नो फ्लावर' और 'खालिद का शिवाजी' तथा फिल्म 'जुनम फर्नीचर' को विशेष रूप से चयनित किए जाने की घोषणा रविवार को दादर में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में सांस्कृतिक मामलों के मंत्री आशीष शेलार ने की।

# ठाकरे भाइयों को मैंने समझाया था, छगन भुजबल ने अतीत की दिलाई याद...

## बोले- शिवसेना की बढ़ेगी ताकत



**नासिकः** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे और शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे के बीच संभावित मेल-मिलाप की अटकलें राजनीतिक हलकों में चर्चाओं को तेज कर रही हैं। यह घटनाक्रम हाल ही में हुए एक साक्षात्कार के बाद हुआ है जिसमें राज ठाकरे ने उद्धव ठाकरे को मिलन का प्रस्ताव दिया था, जिसका उन्होंने सकारात्मक जवाब दिया था।

ठाकरे चचेरे भाइयों के अपने मतभेदों को भुलाने की संभावना ने संभावित गठबंधन की उम्मीदें बढ़ा दी हैं, जो संभवतः महाराष्ट्र के राजनीतिक परिदृश्य को बदल सकता है। लेकिन वरिष्ठ राकांपा नेता छगन भुजबल ने सभी को अतीत की याद दिलाई है, खासकर जब राज ठाकरे 2005 में शिवसेना से अलग हो गए थे। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत के अनुसार, हालांकि अभी तक कोई औपचारिक गठबंधन नहीं हुआ है, दोनों नेताओं के बीच भावनात्मक बातचीत चल रही है।

**मैंने दोनों भाइयों से बात की थी - भुजबल**

छगन भुजबल ने कहा, जब मुझे पता चला कि राज ठाकरे मेरे 12 साल बाद शिवसेना छोड़ रहे हैं, तो मैं उस समय किसी से बात नहीं कर रहा था। लेकिन जब मुझे इस बारे में पता चला, तो मैंने राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे दोनों को फोन करने की पहल की। मैंने उनसे कहा कि मेरी बात सुनो और आठ दिनों तक शांत रहो, जो उन्होंने किया। दुर्भाग्य से, चीजें उम्मीद के मुताबिक नहीं हुईं। अगर वे अब एक साथ आते हैं, तो मुझसे ज्यादा खुश कोई नहीं होगा। मेरी पार्टी अलग है, और मैंने बालासाहेब ठाकरे के जीवित रहते ही शिवसेना छोड़ दी थी लेकिन शिवसेना के लिए हमारा प्यार कम नहीं हुआ है।

# मुंबई पुलिस ने सी-60 कमांडो की हत्या में शामिल और 40 लाख रुपये के इनामी चार कट्टर नक्सलियों को किया गिरफ्तार




**मुंबई :** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के पल्ली जंगल में पुलिस ने सी-60 कमांडो की हत्या में शामिल और 40 लाख रुपये के इनामी चार कट्टर नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलवादियों की पहचान सेलू मुडेला उर्फ रघु (55), उसकी पत्नी जैनी खराटम उर्फ अखिला (41) और जंसी तलंदी उर्फ गंगू और मनीला गावड़े उर्फ सरिता (21) के रुप में की गई है। इनमें मुडेला पर 20 लाख रुपये, खराटम पर 16 लाख रुपये, तलंदी और गावड़े पर दो-दो लाख रुपये का इनाम था।

पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने रविवार को जानकारी दी कि चारों नक्सलवादी ताडगांव पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत पल्ली के एक जंगल में संदिग्ध रूप से घूम रहे थे। इसकी भनक लगते ही ताडगांव पुलिस स्टेशन की टीम ने इन चारों को गिरफ्तार कर लिया। अब तक छानबीन में पता चला है कि चारों इस साल 11 फरवरी को दिरांगी-फुलनार वन क्षेत्र में हुई मुठभेड़ के दौरान सी-60 कमांडो की हत्या में सीधे तौर पर शामिल थे। पुलिस के अनुसार सैलू मुडेला उर्फ रघु प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) दक्षिण गढ़चिरौली डिवीजन का हिस्सा था। जैनी खराटम उर्फ अखिला भामरागढ़ एरिया कमेटी में थी, जबकि जांसी तलंदी उर्फ गंगू और मनीला गावड़े भामरागढ़ एलओएस का हिस्सा थे। पुलिस के मुताबिक सैलू मुडेला 77 मामलों में शामिल था, जिसमें 34 मुठभेड़, आगजनी की सात घटनाएं, 23 हत्याएं शामिल हैं, जबकि खरातम का नाम 29 मामलों में है, जिसमें 18 मुठभेड़, आगजनी की तीन घटनाएं और चार हत्याएं शामिल हैं। जांसी तलंदी कुल 14 अपराधों में शामिल रहा है, जिसमें 12 मुठभेड़ और एक हत्या शामिल है। मनीला 10 अपराधों में शामिल रहा है। इनमें चार हत्याएं और पांच मुठभेड़ और अन्य शामिल हैं।

# मुंबई : यूपी से मुंबई जा रहे राहगीरों के साथ लूट....

## बाइक सवारों ने चाकू की नोंक पर पूरा सामान लूट लिया



**मुंबई :** मध्यप्रदेश के मुंबई-आगरा हाइवे पर एक बार फिर से बदमाशों ने राहगीरों के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया है। महू के पांजरिया क्षेत्र में एक परिवार रात 12 बजे के करीब यूपी से मुंबई की ओर जा रहे थे। इसी दौरान दो बाइक सवारों ने चाकू की नोंक पर पूरा सामान लूट लिया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, यूपी के संत कबीर नगर के रहने वाले रामकुमार पिता श्यामदेव साहनी अपनी पत्नी के साथ कार से मुंबई जा रहे थे। कार ड्राइव करने के दौरान रात को नींद आने पर पांजरिया गांव में पेट्रोल पंप और पावागढ़ ढाबे के पास कार रोककर आराम करने लगे।

रात करीब 12.30 बजे नींद खुली तो रामकुमार कार से उतरे और कार की डिक्की खोलकर कुछ सामान निकालने लगे। इस दौरान दो बाइक पर सवार होकर आएं चार अज्ञात लोगों ने उन्हें घेर लिया। बदमाशों ने चाकू निकालकर पति-पत्नी के गले पर अड़ा दिया और मारपीट करने लगे।

**चाकू की नोंक पर उतरवाए मंगलसूत्र और टॉप्स**

चाकू की नोंक पर बदमाशों ने पत्नी को जान से मारने धमकी देकर मंगलसूत्र, कान के टॉप्स, सोने की अंगूठी और पांच हजार रुपए नकदी छीन लिए। परिवार ने बताया कि बदमाश करीब 5 हजार से अधिक की कीमत जेवरात और नकद लूटकर भाग गए। मामले की सूचना लगते ही बडगोंदा पुलिस मौके पर पहुंच गई। इस क्षेत्र में लूटपाट के कई मामले सामने आ चुके हैं। पुलिस के द्वारा मुखबिरों को अलर्ट कर दिया गया है। इस मामले का खुलासा करने के लिए 5 थानों की जुटी हुई है। मानपुर, किशनगंज, महू, सिमरोल के चुनिंदा पुलिसकर्मियों को भी जांच में लगाया गया है। हाइवे पर सीसीटीवी कैमरों को भी बारीकी से खंगाला जा रहा है।

# मुंबई : इगतपुरी से ठाणे तक के समृद्धि महामार्ग के 76 किमी के अंतिम फेज का काम पूरा



**मुंबई :** मई से यात्री पूरे 701 किमी लंबे समृद्धि महामार्ग से सफर कर पाएंगे। महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरडीसी) ने इगतपुरी से ठाणे तक के समृद्धि महामार्ग के 76 किमी के अंतिम फेज का काम पूरा कर लिया है। एमएसआरडीसी ने मई के पहले सप्ताह में हाइवे का अंतिम फेज गाड़ियों के लिए खोलने की योजना बनाई है। इसके उद्घाटन के लिए एमएसआरडीसी की तरफ से सरकार से समय मांगा गया है। सरकार की तरफ से हरी झंडी मिलते ही देश का सबसे हाईटेक हाइवे पूरी तरह से वाहनों के लिए उपलब्ध होगा।

मुंबई से नागपुर के बीच बने 701 किमी लंबे हाइवे में से 625 किमी का हाइवे पहले ही खोला जा चुका है। अब तक 625 किमी लंबे हाइवे से 2 करोड़ से अधिक गाड़ियां गुर चुकी हैं। पूरा हाइवे खुल जाने के बाद समृद्धि से गुजरने वाले वाहनों की संख्या में और इजाफा होने की उम्मीद है।

**ठाणे-वडपे मार्ग अब तक नहीं तैयार**

समृद्धि महामार्ग ठाणे जिले वडपे में समाप्त हो रहा है। वडपे में खत्म होने के बाद पुराने नेशनल हाइवे के माध्यम से गाड़ियां मुंबई तक पहुंचेगी। पूरे समृद्धि महामार्ग के खुल जाने से कम समय में अधिक गाड़ियां पुराने नेशनल हाइवे तक पहुंचेंगी। महामार्ग की गाड़ियों को तेजी से मुंबई तक पहुंचाने के लिए मौजूदा नेशनल हाइवे का विस्तार किया जा रहा है।

समृद्धि से आने वाले वाहनों की संख्या को देखते हुए चार लेन के हाइवे को 8 लेन की सड़क में परिवर्तित करने का कार्य चल रहा है। लेकिन अब तक ठाणे सिटी और वडपे तक के हाइवे के विस्तार का काम पूरा नहीं हो पाया है। अब तक करीब 80% तक ही सड़क विस्तार का काम हो पाया है। इस वजह से समृद्धि से निकलने के बाद तेजी से मुंबई तक पहुंचने के लिए गाड़ियों को अभी कुछ और महीने का इंतजार करना होगा।

# मुंबई से 3 लोगं गिरफ्तार; 'घुसपैठ रैकेट' का भंडाफोड़!



**मुंबई :** भारत में कई रूट से डंकी मारकर घुसपैठिए भारत में एंट्री करते हैं. नॉर्थ-ईस्ट से लेकर यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश से लेकर तमिलनाडु और महाराष्ट्र तक घुसपैठिए अपनी पैठ बना चुके हैं. भारत के कई राज्यों की पुलिस, खुफिया एजेंसिया और केंद्र सरकार की एजेंसियां इन घुसपैठियों को खदेड़ने के लिए बीएसएफ के साथ लगातार काम कर रही हैं. इस बीच मेघालय पुलिस ने मुंबई से 3 लोगों को गिरफ्तार करके 'घुसपैठ रैकेट' का भंडाफोड़ किया है. गृह मंत्रालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में सबसे ज्यादा घुसपैठिए बांग्लादेशी और रोहिंग्या हैं. ये लोग आसानी से भारत के कल्चर में घुलमिल जाते हैं. इसके बाद कुछ देशद्रोही और गद्दार चंद पैसों के लिए उनका आधार कार्ड और बैंक खाता खुलवा देते हैं. इसके बाद उन्हें पकड़ने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है. इसके बावजूद देश में बीते कुछ सालों में हजारों घुसपैठियों को खदेड़ा गया है. ताजा मामले में मेघालय राज्य की पुलिस ने रविवार को मुंबई से तीन संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार करके देश में अवैध प्रवेश और पहचान जालसाजी में मदद करने वाले एक आपराधिक नेटवर्क का भंडाफोड़ करने का दावा किया.

**नॉर्थ ईस्ट से मुंबई तक**

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मेघालय और महाराष्ट्र के पुलिसकर्मियों द्वारा एक सप्ताह की तलाश के बाद एक महिला समेत तीन आरोपियों को दक्षिण मुंबई के कोपरखैराने, उल्वे और रफी अहमद किदवई मार्ग से पकड़ा गया. इन सभी के पास पुलिस ने जाली दस्तावेज, डिजिटल साक्ष्य और पहचान पत्र बनाने में इस्तेमाल किए गए उपकरण बरामद किए हैं.

## पनवेल में रिक्शा चोर गिरफ्तार

**पनवेल :** पनवेल शहर से रिक्शा की चोरी करने वाले एक चोर को पनवेल शहर पुलिस की टीम ने महज 24 घंटे में गिरफ्तार कर के उसके पास से चोरी का रिक्शा बरामद किया। आरोपी का नाम मुस्तकीन खान है। पनवेल शहर पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार स्वप्निल पवार ने पनवेल शहर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी कि पनवेल स्थित दरगाह के पास उसने अपने रिक्शा को खड़ा किया था, जिसे कोई चुराकर चंपत हो गया।

## नकली पुलिस ने एक व्यक्ति से 1.65 लाख के जेवर उड़ाए

**नागपुर :** नकली पुलिस की गैंग फिर सक्रिय हो गई है। सोनेगांव थाना क्षेत्र में 2 आरोपियों ने एक व्यक्ति के साथ धोखेबाजी करके 1.65 लाख रुपये के जेवरात उड़ा लिए। पुलिस ने गुरुदत्त सोसाइटी, नरेंद्रनगर निवासी समीर साहेबराव गूजर (49) की शिकायत पर मामला दर्ज किया।

## नागपुर में रेलवे ने एक दिन में 7.11 लाख का जुमार्ना वसूला

**नागपुर :** मध्य रेल नागपुर मंडल द्वारा विशेष टिकट जांच अभियान के तहत एक दिन में कुल 7.11 लाख रुपये का रिकॉर्ड जुमार्ना वसूल किया गया। इस दौरान बिना टिकट के अलावा अनियमित यात्रा और बिना बुकिंग के लगेज ले जाने वाले यात्रियों पर भी कार्रवाई की गई। एक दिन के इस अभियान में 22 ट्रेनों में सघन टिकट जांच की गई। इसके अलावा स्टेशन पर बिना प्लेटफॉर्म टिकट लेकर पहुंचे लोगों की भी जांच की गई। यह अभियान 90 टिकट जांच कर्मचारियों, रेलवे सुरक्षा बल के 8 सुरक्षाकर्मियों तथा 5 वाणिज्य निरीक्षकों की टीम द्वारा पूरा किया गया। जांच के दौरान कुल 1,148 मामलों से 7,11,080 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

## वर्धा में चारों ने सोने के आभूषण व नकदी पर किया हाथ साफ

**वर्धा :** आलोडी के श्री स्वामी महाराज मंदिर परिसर निवासी सचिन किसना भोयर (40) मकान का ताला तोड़कर चोरों ने अलमारी में रखे आभूषण व नकदी चोरी कर ली। सचिन भोयर परिवार के साथ अपनी साली के विवाह समारोह के लिए गए थे। मामले की जांच सेवाग्राम पुलिस कर रही है।

## नक्सलियों ने पर्चा जारी कर की शांति वार्ता की अपील

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र और  छत्तीसगढ़ में चल रही नक्सल-विरोधी कार्रवाईयों के चलते अब उत्तर पश्चिम सब-जोनल ब्यूरो के प्रभारी रूपेश ने एक बार फिर युद्धविराम की अपील करते हुए एक भावुक पर्चा जारी किया है। इस पर्चे में पहली बार नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय वर्मा का आभार व्यक्त किया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार की सख्त नक्सल-नीति से नक्सली हताश हो चुके हैं।

## 8 घंटे में 892 विकलांग लोगों को कृत्रिम अंग लगाने का रिकॉर्ड बनाया

**पुणे :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के अधिकारी स्वप्निल डांगरेकर और मिलिंद वेरलेकर ने भारत विकास परिषद विकलांग पुनर्वास केंद्र (पुणे) और ढोले पाटिल एजुकेशन सोसाइटी (पुणे) को 8 घंटे में 892 विकलांग लोगों को कृत्रिम अंग लगाने का रिकॉर्ड स्थापित करने के लिए सम्मानित किया।

# जालना : मातम में बदली शादी की खुशियां...

## 16 वर्षीय किशोर ने लगाई फांसी, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**जालना :** आत्महत्या के पीछे के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है. हालांकि शुरूआती जांच में यह सामने आया है कि दोस्तों की मारपीट, धमकी और मानसिक तनाव के चलते रोहन ने यह कठोर कदम उठाया हो सकता है. महाराष्ट्र के जालना जिले के चंदनझिरा इलाके से एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां एक शादी समारोह के दौरान हुए विवाद ने एक मासूम की जान ले ली. 16 वर्षीय रोहन राहुल सालवे ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, जिससे पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है.



यह घटना 19 अप्रैल की रात की बताई जा रही है. चंदनझिरा में एक शादी समारोह का आयोजन किया गया था, जहां डीजे पर बारातियों के साथ नाच-गाना चल रहा था. इसी दौरान डांस करते वक्त रोहन और उसके दोस्तों के बीच मामूली धक्का-मुक्की को लेकर बहस हो गई. देखते ही देखते यह बहस झगड़े में बदल गई और रोहन के दोस्तों ने मौके पर ही उसकी पिटाई कर दी.

**जान से मारने की दी धमकी**

झगड़े के बाद रोहन के पिता ने उसे घर ले जाकर शांत कराया. लेकिन मामला यहीं नहीं रुका. कुछ देर बाद वही दोस्त हथियार लेकर रोहन के घर के सामने पहुंच गए और उसे जान से मारने की धमकी देने लगे. हालात बिगड़ते देख रोहन के पिता ने बीच-बचाव किया और किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया.

**फांस लगाकर दी जान**

परिवार को लगा कि अब सब कुछ सामान्य हो गया है, लेकिन उसी रात रोहन ने अपने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. अगली सुबह जब परिवार के लोगों ने उसे घर में नहीं देखा तो उसकी तलाश शुरू हुई. आखिरकार, वह कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला.

**पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव**

सूचना मिलते ही चंदनझिरा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया. पुलिस ने फिलहाल अकस्मात मृत्यु का मामला दर्ज किया है और घटना की गंभीरता से जांच की जा रही है. पुलिस के अनुसार, आत्महत्या के पीछे के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है. हालांकि शुरूआती जांच में यह सामने आया है कि दोस्तों की मारपीट, धमकी और मानसिक तनाव के चलते रोहन ने यह कठोर कदम उठाया हो सकता है. इस घटना ने पूरे गांव में आक्रोश और गम का माहौल बना दिया है.

## पुणे : हिंदी भाषा को थोपे जाने संबंधी चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि मराठी भाषा अनिवार्य बनी रहेगी - देवेंद्र फडणवीस

**पुणे :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को राज्य में हिंदी भाषा को थोपे जाने संबंधी चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि मराठी भाषा अनिवार्य बनी रहेगी. विपक्षी दलों, खासकर शिवसेना (यूबीटी) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत त्रिभाषा फामूर्ले को लागू करने की मंजूरी दिए जाने के बाद महाराष्ट्र में हिंदी थोपी जा रही है. पुणे में भंडारकर शोध संस्थान में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद सीएम फडणवीस ने कहा कि यह कहना गलत है कि हिंदी थोपने का प्रयास किया जा रहा है. महाराष्ट्र में मराठी अनिवार्य रहेगी. इसके अलावा कोई अन्य अनिवार्यता नहीं होगी.



**सरकार की मंजूरी पर उठा विवाद**

स्कूलों में हिंदी को अनिवार्य तीसरी भाषा बनाने की सरकार की मंजूरी पर उठे विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए सीएम फडणवीस ने कहा, हमें यह समझने की जरूरत है कि मराठी के स्थान पर हिंदी को अनिवार्य नहीं बनाया गया है. मराठी भाषा अनिवार्य है. उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में कहा गया है कि विद्यार्थियों को पढ़ायी जाने वाली तीन भाषाओं में से दो भारतीय भाषाएं होनी चाहिए.

**तीन भाषाएं सीखने का मौका**

सीएम फडणवीस ने कहा कि नई शिक्षा नीति ने तीन भाषाएं सीखने का अवसर प्रदान किया है. भाषाएं सीखना महत्वपूर्ण है. नियम कहता है कि इन तीन भाषाओं में से दो भारतीय होनी चाहिए. मराठी को पहले से ही अनिवार्य है. आप हिंदी, तमिल, मलयालम या गुजराती के अलावा कोई अन्य भाषा नहीं ले सकते.  उन्होंने कहा कि सिफारिशों के अनुसार हिंदी भाषा के लिए शिक्षक उपलब्ध हैं. उन्होंने कहा कि अन्य (क्षेत्रीय) भाषाओं के मामले में शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं. सीएम फडणवीस ने भारतीय भाषाओं और अंग्रेजी के बारे में लोगों की धारणा पर सवाल उठाया. उन्होंने कहा कि मैं एक बात से हैरान हूं. हम हिंदी जैसी भारतीय भाषाओं का विरोध करते हैं, लेकिन अंग्रेजी की प्रशंसा करते हैं. कई लोगों को ऐसा क्यों लगता है कि अंग्रेजी उनके ज्यादा करीब है और भारतीय भाषाएं उनसे दूर हैं? हमें इस बारे में भी सोचना चाहिए.

## मुंबई : घरेलू सहायक उसके घर से 1,240 पाउंड (लगभग ₹1.4 लाख) की विदेशी मुद्रा लेकर फरार; 78 वर्षीय महिला ने शिकायत दर्ज कराई



**मुंबई :** मालाबार हिल की 78 वर्षीय महिला ने मालाबार हिल पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि उसका घरेलू सहायक उसके घर से 1,240 पाउंड (लगभग ₹1.4 लाख) की विदेशी मुद्रा लेकर फरार  है। शिकायतकर्ता, मेहरीना बिल्डिंग, शिमला हाउस रोड, मालाबार हिल की निवासी सजनी रमेश सदरंगनी के अनुसार, वह अपने परिवार के साथ बताए गए पते पर रह रही थी। उसका बड़ा बेटा अमर (50) उसके साथ रहता है, जबकि उसका छोटा बेटा विवेक अफ्रीका में रहता है।

अपनी वृद्धावस्था के कारण, उसने 4 अप्रैल, 2025 को अनीता च्रामाको (39) नामक एक घरेलू सहायक को काम पर रखा था। अनीता असम के कार्बी आंगलोंग की रहने वाली है और तब से सजनी सदरंगनी के घर पर काम कर रही थी। अमर ने बाथरूम जाते समय अपने बेडरूम का दरवाजा खुला छोड़ दिया था। उसने अपने कमरे में बिस्तर पर 1,240 पाउंड और अपना पासपोर्ट रख दिया था। उस समय घर में सिर्फ.सजनी और अनीता ही मौजूद थीं। जब अमर बाथरूम से लौटा तो उसने बिस्तर पर सिर्फ. पासपोर्ट पाया और नकदी गायब थी।

## नागपुर में शख्स के घर की छत पर आसमान से गिरा धातु का टुकड़ा, अंतरिक्ष का मलबा तो नहीं?

**नागपुरः** महाराष्ट्र के नागपुर से हैरान करने वाली खबर सामने आई है। यहां एक शख्स का दावा है कि उसके घर की छत पर आसमान से एक धातु का टुकड़ा गिरा है। इस धातु के टुकड़े को देखने के बाद स्थानीय लोगों के बीच ये चर्चा शुरू हो गई है कि कहीं ये अंतरिक्ष का मलबा तो नहीं है?

**क्या है पूरा मामला?**

मामला नागपुर जिले के उमरेड तालुका का है। यहां के एक घर की छत पर आसमान से धातु का एक टुकड़ा गिरा। इस मामले में नागपुर ग्रामीण पुलिस का बयान भी सामने आया है। पुलिस ने कहा, 'शनिवार सुबह 4 बजे कोसे लेआउट स्थित एक मकान



की छत पर आसमान से धातु का एक बड़ा टुकड़ा गिरा। पुलिस की एक फोरेंसिक टीम वस्तु की पहचान करने का प्रयास कर रही है।' वहीं इस मामले में स्थानीय लोगों के बीच ये चर्चा हो रही है कि कहीं ये अंतरिक्ष का मलबा तो नहीं है? लोगों का कहना है कि स्टील की यह वस्तु सुबह 4 से 4.15 बजे के बीच उनकी छत की दीवार पर गिरी।

**जानकर कह रहे ये बात**

इस मामले में स्काई वॉच ग्रुप के प्रमुख एवं खगोल विज्ञान में रुचि रखने वाले सुरेश चोपने का दावा भी सामने आया है। उन्होंने कहा है कि यह धातु की वस्तु अंतरिक्ष में भेजे गए उपग्रह के रॉकेट बूस्टर का हिस्सा हो सकती है।

## मप्र के भिंड में ट्रक ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, पिता-पुत्र की मौत

भिंड (मप्र)। मध्यप्रदेश के भिंड जिले मे रविवार को एक सड़क दुर्घटना मे एक व्यक्ति और उसके पांच वर्षीय बेटे की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मानपुर थाने के प्रभारी प्रदीप सोनी ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 719 पर सुबह करीब 11 बजे मोटरसाइकिल और ट्रक के बीच टक्कर हो गई। पुलिस अधिकारी ने कहा, 'हीरालाल (36) अपने बेटे आर्यन के साथ मोटरसाइकिल से मेहगांव जा रहा था। विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। मामले की जांच की जा रही है।

## तिरुपति लड्डू मिलावट मामले में एसआईटी ने व्यापारी को नोटिस जारी किया

ग्वालियर। आंध्र प्रदेश के तिरुमाला हिल्स स्थित प्रसिद्ध श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर मे मिलावटी घी का इस्तेमाल कर लड्डू का प्रसाद बनाने के आरोपों की जांच कर रही विशेष जांच दल (एसआईटी) ने मध्यप्रदेश के ग्वालियर के एक व्यापारी को नोटिस दिया है।पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।तिरुपति के लड्डू बनाने मे पशुओं की चर्बी के इस्तेमाल के आरोपों की जांच के लिए पिछले साल नवंबर मे एक स्वतंत्र एसआईटी गठित करने के उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक समिति गठित की थी। पांच सदस्ईय एसआईटी मे सीबीआई अधिकारी, आंध्र प्रदेश पुलिस के जवान और भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के एक पदाधिकारी शामिल है।ग्वालियर नगर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) रॉबिन जैन ने कहा कि न्यायालय द्वारा नियुक्त एसआईटी के कुछ सदस्य हाल ही मे यहां आए थे। उन्होंने इस मामले के तार डल बाजार के एक व्यापारी से जुड़े होने का पता लगाया और नोटिस देने मे हमारी मदद ली।

## झारखंड में पुलिस थाना लगी आग में 40 से अधिक जब्त वाहन जलकर खाक

मेदिनीनगर (झारखंड)। पलामू जिले के मेदिनीनगर टाउन पुलिस थाना परिसर मे खड़ी 40 से अधिक जब्त गाड़ियां रविवार को आग लगने से जलकर खाक हो गईं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दमकल की दो गाड़ियों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। उन्होंने बताया कि किसी के हताहत होने की कोई खबर नही है। प्रभारी अधिकारी गुलशन बिरुआ ने बताया कि आग लगने का वास्तविक कारण अभी पता नही चल सका है, लेकिन शॉर्ट सर्किट को इसका कारण माना जा रहा है।

## पंजाब में गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

होशियारपुर। पंजाब मे होशियारपुर के एक गांव मे गुरुद्वारे मे गुरबाणी सुनाने वाले एक व्यक्ति को कथित बेअदबी की घटना के बाद गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।पुलिस ने बताया कि यह घटना शुक्रवार को तब प्रकाश मे आई, जब नूरपुर जट्टान गांव मे गुरुद्वारा सिंह सभा मे रखे गुरु ग्रंथ साहिब के लगभग 15 पृष्ठ फटे हुए पाए गए। माहिलपुर पुलिस थाने मे संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए होशियारपुर के पुलिस अधीक्षक (जांच) मुकेश कुमार ने कहा कि उन्होंने मोरांवाली गांव के निवासी गुरविंदर गिंदा को गिरफ्तार किया है, जो एक पाठी (गुरबाणी सुनाने वाला व्यक्ति) है।

## वारिस पंजाब दे से जुड़े खालिस्तान समर्थक मेरी हत्या की साजिश रच रहे हैं : केंद्रीय मंत्री बिट्टू

**चंडीगढ़।** केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने रविवार को आरोप लगाया कि वारिस पंजाब दे संगठन से जुड़े कुछ खालिस्तान समर्थक तत्व उनकी और पंजाब के अन्य नेताओं की हत्या की साजिश रच रहे हैं। इस संगठन का प्रमुख कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह है। बिट्टू ने दावा किया कि सोशल मीडिया मंचों पर चैट के लीक हुए स्क्रीनशॉट के माध्यम से साजिश का पर्दाफाश हो गया है। बिट्टू ने एक बयान में कहा कि केंद्र सरकार ने भी वारिस पंजाब दे से जुड़े लोगों द्वारा रची गई साजिश को गंभीरता से लिया है। उन्होंने आगाह किया कि ऐसे समूहों की गतिविधियां राज्य को अस्थिरता की ओर धकेल रही हैं। व्हाट्सएप चैट के स्क्रीनशॉट से पता चला है कि इसके सदस्य खडूर साहिब के सांसद अमृतपाल सिंह की राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत एक और साल के लिए हिरासत बढ़ाने को लेकर बिट्टू और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को निशाना बनाने की मंशा रखते हैं। पंजाब सरकार ने अमृतपाल की हिरासत अवधि एक वर्ष के लिए बढ़ा दी है। जेल में बंद कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह के पिता तरसेम सिंह ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत अपने बेटे की हिरासत बढ़ाने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) नीत पंजाब सरकार की रविवार को आलोचना की। बिट्टू ने कहा, केंद्र राष्ट्र विरोधी ताकतों को पंजाब को अस्थिर करने की अनुमति नहीं देगा।

# जम्मू-कश्मीर के रामबन में भारी बारिश, भूस्खलन में तीन लोगों की मौत

रामबन-जम्मू

**जम्मू कश्मीर के** रामबन जिले में रविवार तड़के भारी बारिश के कारण अलग-अलग जगहों पर आई बाढ़ और भूस्खलन में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि बड़ी संख्या में मकान क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं 100 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर नाशरी और बनिहाल के बीच करीब एक दर्जन स्थानों पर भूस्खलन और मिट्टी धंसने की घटनाएं हुईं जिसके कारण यातायात रोक दिया गया। सैकड़ों यात्री 250 किलोमीटर लंबे राजमार्ग पर फंस गए, जो कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ता है। अधिकारियों ने बताया कि सेरी बागना गांव में बादल फटने से तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान अकीब अहमद और मोहम्मद साकिब के रूप में की गई है। वे दोनों भाई थे। अधिकारियों ने बताया कि अंतिम रिपोर्ट मिलने तक गांव में बचाव अभियान जारी था।

### करगिल में बर्फबारी, स्कूल तीन दिन के लिए बंद

**करगिल।** लद्दाख और आसपास के इलाकों मे रविवार को लगातार दूसरे दिन बर्फबारी से करगिल मे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। अधिकारियों ने खराब मौसम के कारण अगले तीन दिन के लिए सभी स्कूलों को बंद करने की घोषणा की है। करगिल शहर मे लगभग छह इंच बर्फबारी दर्ज की गई, जबकि खंगराल समेत कई इलाकों मे दो फुट बर्फबारी हुई। भारी बर्फबारी के मद्देनजर एलएएचडीसी करगिलने रविवार को जिलेभर मे बर्फ हटाने के कार्यों और आवश्यक सेवाओं की बहाली का आकलन करने के लिए एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

# महाराष्ट्र में मराठी को प्राथमिकता, हिंदी नहीं थोपी जाएगी: फडणवीस

पुणे

**महाराष्ट्र के** मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने रविवार को राज्य में हिंदी भाषा को थोपे जाने संबंधी चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि मराठी भाषा अनिवार्य बनी रहेगी। विपक्षी दलों, विशेषकर शिवसेना (उबाठा) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत त्रिभाषा फार्मूले को लागू करने की मंजूरी दिए जाने के बाद महाराष्ट्र में हिंदी थोपी जा रही है। पुणे में भंडारकर शोध संस्थान में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद फडणवीस ने संवाददाताओं से



कहा, यह कहना गलत है कि हिंदी थोपने का प्रयास किया जा रहा है। महाराष्ट्र में मराठी अनिवार्य रहेगी। इसके अलावा कोई अन्य अनिवार्यता नहीं होगी। स्कूलों में हिंदी को अनिवार्य तीसरी भाषा बनाने की सरकार की मंजूरी पर उठे विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए फडणवीस ने कहा, हमें यह समझने की जरूरत है कि मराठी के स्थान पर हिंदी को अनिवार्य नहीं बनाया गया है। मराठी भाषा अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में कहा गया है कि विद्यार्थियों को पढ़ाई जाने वाली तीन भाषाओं में से दो भारतीय भाषाएं होनी चाहिए। नई शिक्षा नीति ने तीन भाषाएं सीखने का अवसर प्रदान किया है। भाषाएं सीखना महत्वपूर्ण है। नियम कहता है कि इन तीन भाषाओं में से दो भारतीय होनी चाहिए। मराठी को पहले से ही अनिवार्य है। आप हिंदी, तमिल, मलयालम या गुजराती के अलावा कोई अन्य भाषा नहीं ले सकते। उन्होंने कहा कि सिफारिशों के अनुसार हिंदी भाषा के लिए शिक्षक उपलब्ध हैं।

## मप्र के अस्पताल में बुजुर्ग को घसीटे जाने के मामले में डॉक्टर बर्खास्त, स्वास्थ्य अधिकारी निलंबित

। छतरपुर

**मध्यप्रदेश के** छतरपुर जिले के एक सरकारी अस्पताल में दो लोगों द्वारा एक बुजुर्ग को घसीटे जाने का वीडियो वायरल होने और फिर मामला दर्ज किए जाने के बाद एक चिकित्सक की सेवाएं समाप्त कर दी गई और एक वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। यह घटना 17 अप्रैल की है जब नौगांव शहर के निवासी उद्धव सिंह जोशी (70) अपनी पत्नी की चिकित्सकीय जांच के लिए छतरपुर के जिला अस्पताल पहुंचे थे।उन्होंने पत्रकारों से कहा, समय से संबंधित पर्ची मिलने के बाद मैं काफी देर तक लाइन में खड़ा रहा। जब मेरी बारी आई तो डॉ. राजेश मिश्रा ने इसका विरोध किया और फिर मुझे थप्पड़ तथा लात मारी। उनके आरोपों का खंडन करते हुए सिविल सर्जन जी.एल. अहिरवार ने कहा कि जगह पर क्षमता से अधिक भीड़ थी और डॉ. मिश्रा ने आपत्ति जताई क्योंकि जोशी ने कतार तोड़ दी थी। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि दो लोग जोशी का हाथ पकड़कर उन्हें घसीटते हुए बाहर ले जा रहे हैं।मिश्रा और अहिरवार को दिन में नोटिस जारी किए गए, लेकिन बाद में शाम को कड़ी कार्वाई की गई। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की निदेशक सलोनी सिडाना ने हड्डी रोग के संविदा चिकित्सक डॉ. मिश्रा की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। इस प्रकरण में लापरवाही और अधीनस्थों को नियंत्रित करने में विफल रहने के लिए राज्य के स्वास्थ्य विभाग द्वारा अहिरवार को निलंबित कर दिया गया।

## आशीष शेलार ने कहा:राज के साथ दोस्ती खत्म

मुंबई

**महाराष्ट्र के** मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता आशीष शेलार ने रविवार को कहा कि राज ठाकरे के साथ उनकी दोस्ती खत्म हो गई है। यह बयान ऐसे समय में आया है, जब महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे और शिवसेना (उबाठा) के प्रमुख उद्धव ठाकरे दो दशक की कड़वाहट के बाद सुलह की दिशा में बातचीत कर रहे हैं। जब शेलार से अलग हुए चचेरे भाइयों के हाथ मिलाने की संभावना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, अब व्यक्तिगत दोस्ती का मामला खत्म हो गया है। पिछले कुछ दिनों में राज और उद्धव ने संभावित सुलह के बारे में अटकलों को हवा दी है। उन्होंने संकेत दिया है कि वे मामूली मुद्दों को नजरअंदाज कर महाराष्ट्र और मराठी मानुष की खातिर हाथ मिला सकते हैं। शेलार ने उद्धव ठाकरे द्वारा अपने चचेरे भाई के साथ हाथ मिलाने के लिए रखी गई शर्तों पर भी सवाल उठाए और पूछा कि क्या ए वास्तविक शर्तें हैं या राजनीतिक रणनीति का हिस्सा हैं। शेलार और राज ठाकरे के बीच तनाव तब बढ़ गया, जब राज ठाकरे ने एक सार्वजनिक भाषण में कुछ विधायकों के लिए खोकेबहादर शब्द का इस्तेमाल किया। शेलार ने पलटवार करते हुए कहा था कि जिनके पास विधायक या सांसद नहीं हैं, उन्हें ऐसी टिप्पणियां नहीं करनी चाहिए।

# नेशनल हेराल्ड मामले में भाजपा का लक्ष्य कांग्रेस को डराना-धमकाना है: खरगे

बक्सर (बिहार)

**कांग्रेस अध्यक्ष** मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि वह नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी जैसे शीर्ष नेताओं को फंसाकर उनकी पार्टी को डराने-धमकाने का प्रयास कर रही है। वक्फ मुद्दे पर केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए खरगे ने आरोप लगाया कि अधिनियम में हालिया संशोधन लोगों को बांटने की भाजपा-आरएसएस की साजिश का हिस्सा है। खरगे ने यहां डलसागर स्टेडियम में पार्टी की जय बापू, जय भीम और जय संविधान रैली को संबोधित करते हुए कहा, केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी जैसे हमारे नेताओं को फंसाकर कांग्रेस को डराने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, हम किसी से नहीं डरते हैं और न ही किसी के सामने झुकेंगे। केंद्रीय जांच एजेंसियों के अधिकारियों ने मामले में तलाशी ली, लेकिन उन्हें कुछ नहीं मिला। हमारे नेता डरे हुए नहीं हैं। इंदिरा गांधी और राजीव गांधी जैसे हमारे नेताओं ने देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी थी। खरगे ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू ने ब्रिटिश



शासन के दौरान नेशनल हेराल्ड और कौमी आवाज अखबार शुरू किए थे। उन्होंने आरोप लगाया, इन समाचार पत्रों को शुरू करने का उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जनता के बीच जागरूकता पैदा करना था ताकि ब्रिटिश शासन के खिलाफ लोगों की आवाज बुलंद की जा सके। दूसरी ओर, आरएसएस नेता अंग्रेजों के एजेंट थे और उनके लिए काम कर रहे थे। लेकिन अब सोनिया गांधी और राहुल गांधी को निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि वे पार्टी की रीढ़ हैं। सीबीआई, ईडी और आईटी जैसी केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए किया जा रहा है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड मामले में धनशोधन के आरोप में कांग्रेस नेताओं-सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है।कांग्रेस अध्यक्ष ने यह आरोप भी लगाया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भाजपा समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने दावा किया, वे (आरएसएस-भाजपा) समाज की बेहतरी के बारे में नहीं सोच सकते। वे जाति और धर्म के आधार पर समाज को बांटने में विश्वास करते हैं। संसद से पारित किया गया वक्फ संशोधन अधिनियम समुदायों के बीच विभाजन पैदा करने की भाजपा और आरएसएस की साजिश है। केंद्र की भाजपा नीत सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, मोदी जी और अन्य भाजपा नेता केवल हिंदू-मुस्लिम की बात करते हैं एवं लोगों का ध्यान मुख्य मुद्दों से भटकाने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा, महात्मा गांधी के आदर्श और डॉ बी आर आंबेडकर के सिद्धांत हमारी विचारधारा का आधार हैं एवं इन्हीं से हमें शक्ति मिलती है। इसी शक्ति के साथ हम अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे और नफरत की विचारधारा को हराएंगे। कांग्रेस अध्यक्ष ने बिहार में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सत्तारूढ़ गठबंधन को रविवार को अवसरवादी करार देते हुए आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार केवल कुर्सी के लिए पाला बदलते हैं। उन्होंने आरोप लगाया, नीतीश कुमार और भाजपा के बीच गठबंधन अवसरवादी है। यह राज्य के लोगों के लिए अच्छा नहीं है। उन्होंने सिर्फ कुर्सी (मुख्यमंत्री पद) के लिए पाला बदला है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया, जदयू प्रमुख ने महात्मा गांधी की हत्या करने वाली विचारधारा से हाथ मिला लिया है। भाजपा जदयू गठबंधन केवल सत्ता साझा करने के लिए बना है, उसे बिहार के विकास से कोई चिंता नहीं है। उन्होंने सवाल किया कि बिहार के लिए 1.25 लाख करोड़ रुपए के पैकेज के प्रधानमंत्री मोदी के वादे का क्या हुआ? उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री झूठ की फैक्टरी चला रहे हैं।

## इलिनॉइस में छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त, चार की मौत

ट्रिला (इलिनॉइस)।अमेरिका के इलिनॉइस राज्य में शनिवार को खेत में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार सभी चार लोगों की मौत हो गई। कोल्स काउंटी के कोरोनर (अस्वाभाविक कारणों से होने वाली मृत्यु के मामलों की जांच करने वाला अधिकारी) एड श्नीयर्स ने बताया कि मृतकों में दो पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। हालांकि, श्नीयर्स ने परिजनों को सूचित किए जाने तक मृतकों की पहचान उजागर करने से इनकार किया। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) ने ईमेल के जरिए जानकारी दी कि यह दुर्घटना सुबह करीब 10 बजे ट्रिला के पास हुई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, सेसना सी80जी विमान बिजली के तारों से टकराने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हुआ। गवर्नर जेबी प्रित्जकर ने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में कहा, कोल्स काउंटी से दुखद खबर मिली है।

## कनाडा के वैंकूवर में स्थित गुरुद्वारे में तोड़फोड़

ओटावा। कनाडा के वैंकूवर में एक गुरुद्वारे में तोड़फोड़ की गई और खालिस्तान समर्थक भित्तिचित्र बनाए गए। गुरुद्वारे के पदाधिकारियों ने इस कृत्य के लिए सिख अलगाववादियों के एक छोटे समूह को जिम्मेदार ठहराया है। एक मीडिया रिपोर्ट से यह जानकारी मिली। वैंकूवर सन की रिपोर्ट के अनुसार, वैंकूवर पुलिस विभाग के प्रवक्ता सार्जेंट स्टीव एडिसन ने कहा कि वह शनिवार को रॉस स्ट्रीट गुरुद्वारे पर बनाए गए भित्तिचित्र मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस के पास किसी संदिग्ध की जानकारी नहीं है। रॉस स्ट्रीट गुरुद्वारे का संचालन करने वाली खालसा दीवान सोसाइटी ने इस कृत्य के लिए खालिस्तान की वकालत करने वाले सिख अलगाववादियों के एक छोटे समूह को जिम्मेदार ठहराया। सोसाइटी ने एक बयान में कहा, यह कृत्य चरमपंथी ताकतों द्वारा चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है, जो कनाडाई सिख समुदाय के भीतर भय और विभाजन पैदा करना चाहते है। उनके कार्य समावेशिता, सम्मान और आपसी सहयोग के मूल्यों को कमजोर करते है जो सिख धर्म और कनाडाई समाज दोनों का आधार है।

## अंतरिक्ष स्टेशन से यात्रियों को लेकर पृथ्वी पर लौटा सोयूज कैप्सूल

मॉस्को। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से दो रूसी और एक अमेरिकी यात्री को लेकर सोयूज कैप्सूल रविवार को कजाकिस्तान में उतरा और इसके साथ ही उनका सात महीने का शोध कार्य समाप्त हो गया। रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस के अनुसार, रोस्कोस्मोस के अंतरिक्ष यात्री एलेक्सी ओविचिनिन और इवान वैगनर तथा अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के अंतरिक्ष यात्री डॉन पेटिट को लेकर अंतरिक्ष यान सुबह 6:20 बजे जेज्कज़गान शहर के पास कजाख मैदान पर उतरा। रोस्कोस्मोस ने कहा कि बिना किसी परेशानी के पैराशूट की सहायता से लैंडिंग हुई। नासा ने एक बयान में कहा कि तीनों यात्री अंतरिक्ष में 220 दिन बिताने और पृथ्वी की 3,520 बार परिक्रमा करने के बाद वापस लौटे है।

## ईस्टर हमले के संबंध में जांच समिति की रिपोर्ट सीआईडी को भेजी

कोलंबो। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने रविवार को कहा कि उन्होंने ईस्टर आतंकवादी हमलों पर 2021 की जांच समिति की रिपोर्ट को आगे की कार्रवाई के लिए सीआईडी को भेज दिया है।आईएसआईएस से जुड़े स्थानीय इस्लामी चरमपंथी समूह नेशनल तौहीद जमात (एनटीजे) के नौ आत्मघाती हमलावरों ने 21 अप्रैल, 2019 को तीन चर्चों और कई होटलों में विस्फोट किए थे, जिनमें 11 भारतीयों समेत 258 लोग मारे गए थे। दिसानायके ने छह मई को स्थानीय परिषद चुनाव के लिए एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, आज, मैंने आयोग की रिपोर्ट अपराध जांच विभाग (सीआईडी) को भेज दी है।

# माउंट एवरेस्ट पर 31वीं बार चढ़ने का प्रयास करेंगे प्रसिद्ध शेरपा गाइड कामी रीता, तोड़ेंगे अपना ही रिकॉर्ड



**काठमांडू।** दुनिया के सबसे प्रख्यात पर्वतारोहण मार्गदर्शकों में शामिल एक गाइड 31वीं बार विश्व की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ने का प्रयास करेंगे- और संभवत: वह 32वीं बार भी ऐसा करें- और खुद का रिकॉर्ड तोड़ेंगे। कामी रीता (55) रविवार को काठमांडू से माउंट एवरेस्ट के लिए रवाना हुए। वह पर्वतारोहियों के एक समूह का नेतृत्व करेंगे जो वसंत ऋतु में पर्वतारोहण के मौसम में 8,849 मीटर (29,032 फुट) ऊंचे शिखर पर पहुंचने का प्रयास करेंगे। काठमांडू हवाई अड्डे पर एसोसिएटेड प्रेस से बात करते हुए कामी रीता ने कहा, मैं मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक रूप से पर्वत पर चढ़ने के लिए तैयार हूं। फिलहाल मेरी शारीरिक स्थिति सर्वश्रेष्ठ स्तर पर है। माउंट एवरेस्ट पर सबसे ज्यादा 30 बार चढ़ने का रिकॉर्ड उनके नाम है। पिछले साल मई में उन्होंने दो बार इस चोटी पर चढ़ाई की थी। उन्होंने कहा, मेरी पहली प्राथमिकता अपने साथियों को चोटी के शिखर तक पहुंचाना है। उसके बाद मैं तय करूंगा कि मैं सीजन के दौरान एक से ज्यादा बार चोटी पर चढ़ूंगा या नहीं। यह मौसम और पहाड़ की परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। माउंट एवरेस्ट पर सर्वाधिक बार चढ़ाई करने के मामले में उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी और साथी शेरपा गाइड पासंग दावा हैं, जिन्होंने पर्वत पर 27 बार सफलतापूर्वक चढ़ाई की है। कामी रीता ने पहली बार 1994 में एवरेस्ट पर चढ़ाई की थी और तब से वह लगभग हर साल ऐसा करते आ रहे हैं। वह कई शेरपा गाइडों में से एक हैं जिनकी विशेषज्ञता व कौशल हर साल पहाड़ की चोटी पर चढ़ने की इच्छा रखने वाले विदेशी पर्वतारोहियों की सुरक्षा व सफलता के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## रूस युद्ध विराम का आभास पैदा करने की कोशिश कर रहा है : जेलेंस्की

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रविवार को रूस पर ईस्टर के मौके पर युद्ध विराम का सम्मान करने का झूठा दिखावा करने का आरोप लगाया और कहा कि मॉस्को ने रात भर हमले जारी रखे। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन में एकतरफा अस्थाई युद्धविराम की घोषणा की थी। जेलेंस्की ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ईस्टर की सुबह तक हम यह कह सकते हैं कि रूसी सेना युद्ध विराम की सामान्य धारणा बनाने की कोशिश कर रही है। लेकिन कुछ स्थानों पर, यह यूक्रेन पर हमला करने और नुकसान पहुंचाने के प्रयासों को नहीं छोड़ती है। पुतिन द्वारा शनिवार को ईस्टर युद्ध विराम की घोषणा के बावजूद, जेलेंस्की ने रविवार सुबह कहा कि यूक्रेनी सेना ने अग्रिम मोर्चे पर विभिन्न क्षेत्रों में रूसी गोलाबारी की 59 घटनाएं और साथ ही कई ड्रोन हमले दर्ज किए हैं। जेलेंस्की ने बाद में एक्स पर कहा कि यूक्रेन द्वारा रूसी कार्रवाइयों के प्रति सममित दृष्टिकोण की घोषणा के बावजूद सुबह 10 बजे के बाद से रूसी गोलाबारी और ड्रोन हमलों में वृद्धि हुई है।

# ईरान के साथ परमाणु वार्ता में बहुत अच्छी प्रगति हुई: अमेरिका

रोम



**ईरान और** अमेरिका के बीच तेहरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रमों पर शनिवार को बातचीत हुई और दोनों पक्षों ने कहा कि बातचीत रचनात्मकता रही और इसमें बहुत अच्छी प्रगति हुई। दोनों देशों की अगले सप्ताह अगले दौर की वार्ता करने की योजना है। एक अमेरिकी अधिकारी ने पुष्टि की कि रोम में वार्ता के दौरान कुछ वक्त राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने आमने-सामने बात की। ट्रंप प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर चर्चाओं में बहुत अच्छी प्रगति हुई है। अराघची ने ईरानी सरकारी टेलीविजन को बताया, बातचीत रचनात्मक माहौल में हुई और मैं कह सकता हूं कि यह आगे बढ़ रही है। मुझे उम्मीद है कि तकनीकी वार्ता के बाद हम बेहतर स्थिति में होंगे। उन्होंने , इस बार हमारे बीच सिद्धांतों और उद्देश्यों के बारे में बेहतर समझ बनी। ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर उसकी अमेरिका के साथ दूसरे दौर की वार्ता शनिवार को कई घंटों की बातचीत के बाद समाप्त हुई। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने वार्ता के तुरंत बाद तेहरान के सरकारी टेलीविजन को बताया कि ईरान अपने देश पर लगे आर्थिक प्रतिबंधों को हटवाने के लिए गंभीरता के साथ वार्ता जारी रखेगा। बाघेई ने कहा था, ईरान तब तक बातचीत जारी रखेगा जब तक कि वार्ता रचनात्मक और उद्देश्यपूर्ण तरीके से चलती रहेगी।

# ईस्टर पर सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल हुए पोप फ्रांसिस



वेटिकन सिटी

**पोप फ्रांसिस ईस्टर** रविवार के अवसर पर सेंट पीटर्स स्क्वायर में हजारों लोगों को आशीर्वाद देने हेतु कुछ समय के लिए जनता के सामने आए और सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर लोगों की भीड़ ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। पोप को हाल में निमोनिया हो गया था और वह इससे उबर रहे हैं। पोप फ्रांसिस ने लोगों को ईस्टर की शुभकामनाएं देते हुए कहा, भाइयो और बहनों, ईस्टर की शुभकामनाएं, उनकी आवाज पहले की तुलना में अधिक प्रभावशाली प्रतीत हो रही थी। पोप फ्रांसिस ने पियाजा में ईस्टर की प्रार्थना में हिस्सा नहीं लिया बल्कि इसे सेंट पीटर्स बेसिलिका के सेवानिवृत्त कार्डिनल एंजेलो कोमास्ट्री को सौंप दिया। लेकिन प्रार्थना समाप्त होने के बाद, फ्रांसिस बेसिलिका के प्रवेश द्वार के ऊपर स्थित लॉजिया बालकनी पर दिखाई दिए। नीचे मौजूद हजारों लोगों ने खुशी का इजहार किया, जब सैन्य बैंड ने होली सी और इतालवी राष्ट्रगान की धुन बजाई। फ्रांसिस ने बालकनी से हाथ हिलाया और फिर एक सहयोगी से अपना भाषण पढ़ने को कहा।

## अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईस्टर रविवार को पोप फ्रांसिस से मुलाकात की

वेटिकन सिटी। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईस्टर रविवार को पोप फ्रांसिस से एक संक्षिप्त मुलाकात की। पोप को हाल में निमोनिया हो गया था और वह इससे उबर रहे है।
वेंस का काफिला एक विशेष द्वार से वेटिकन सिटी में दाखिल हुआ और पोप फ्रांसिस के आवास के पास पहुंचा, जबकि उस समय सेंट पीटर्स स्क्वायर में ईस्टर की प्रार्थना आयोजित की जा रही थी। पोप फ्रांसिस ने स्वस्थ होने के लिए अपनी जिम्मेदारियों में काफी कटौती कर दी है। उन्होंने प्रार्थना के आयोजन का कार्य एक अन्य कार्डिनल को सौंप दिया है। वेटिकन ने कहा कि ईस्टर की शुभकामनाएं देने के लिए अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने डोमस सांता मार्टा में कुछ देर पोप से मुलाकात की। प्रवासन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन की प्रवासियों को सामूहिक रूप से निर्वासित करने की योजना को लेकर हाल में वेंस और पोप के बीच तीखी नोकझोंक हुई थी।

## बुद्ध के दांत के अवशेष की तस्वीर खींचकर सोशल मीडिया पर डाली, श्रीलंका पुलिस ने जांच शुरू की

**कोलंबो।** भगवान बुद्ध के पवित्र दांत के अवशेष की कथित तस्वीर सोशल मीडिया पर बड़े पैमाने पर साझा की जा रही है। श्रीलंकाई पुलिस ने रविवार को कहा कि वह इस बात की जांच कर रही है कि बुद्ध के पवित्र दांत के अवशेष की कथित तस्वीर कैसे खींची गई। कैंडी के मध्य शहर में 16 वर्षों के अंतराल के बाद शुक्रवार को शुरू हुई दुर्लभ प्रदर्शनी के दौरान दंत मंदिर के आंतरिक गर्भगृह में कैमरा या मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं थी। पुलिस ने कहा कि जांच में तस्वीर की प्रामाणिकता का पता लगाया जाएगा। कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक प्रियंता वीरसूर्या ने कहा कि यह पता लगाने के लिए प्रारंभिक जांच जारी है कि यह तस्वीर कब खींची गई।

# ईस्टर अंडे चॉकलेट व नियमित चॉकलेट के बीच क्या अंतर है?

सिडनी

**ईस्टर के मौके** पर आपने सुपरमार्केट की अलमारियों में चॉकलेट ईस्टर अंडे देखे होंगे। हो सकता है कि आपने पहले ही कुछ खरीद लिए हों लेकिन क्या ईस्टर चॉकलेट और रोजाना इस्तेमाल की जाने वाली चॉकलेट में कोई अंतर है? क्या ईस्टर चॉकलेट का स्वाद वाकई बेहतर होता है, जैसा कि कुछ लोग कहते हैं ?चॉकलेट ईस्टर अंडे ईस्टर की छुट्टियों के दौरान दिए जाने वाले चॉकलेट के अंडे होते हैं, जो आमतौर पर चॉकलेट से बने होते हैं जैसा कि हम देखते हैं कि कोई भी अंतर सामग्री के बारे में नहीं बल्कि इस बात पर अधिक निर्भर करता है कि हम चॉकलेट खाते समय उसका अनुभव कैसे करते हैं। इनमें क्या-क्या है? जब हमने ईस्टर एग चॉकलेट और उसी कंपनी की नियमित चॉकलेट के अवयवों और पोषक तत्वों की तुलना की, तो हमें कोई बड़ा अंतर नहीं मिला। कैडबरी डेयरी मिल्क खोखले ईस्टर अंडे और कैडबरी डेयरी मिल्क चॉकलेट ब्लॉक दोनों में प्रति 100 ग्राम शामिल हैं: लगभग 2,200 किलोजूल ऊर्जा- 7 ग्राम प्रोटीन,31 ग्राम वसा,55 ग्राम चीनी,दोनों उत्पादों में न्यूनतम 24 प्रतिशत दूध ठोस पदार्थ होते हैं। अंडे में कोको ठोस पदार्थ (28 प्रतिशत) ब्लॉक (27 प्रतिशत) की तुलना में थोड़ा अधिक होता है। तो यदि उनमें लगभग एक जैसे ही तत्व हैं, तो फिर और क्या हो रहा है? यह स्वाद, बनावट और गंध के बारे में अधिक है। ईस्टर चॉकलेट और नियमित चॉकलेट के बीच का अंतर इस बात पर अधिक निर्भर करता है कि हम चॉकलेट के स्वाद को कैसे अनुभव करते हैं - स्वाद, बनावट और गंध के माध्यम से।चॉकलेट के मामले में, हम स्वाद को मीठा (चीनी), वसायुक्त (कोको बटर) और संभावित रूप से कड़वा (कैफीन और अन्य कोको-आधारित यौगिक) के रूप में समझते हैं। हालांकि, बनावट और गंध से हम ईस्टर और नियमित चॉकलेट के बीच अंतर बता सकते हैं।म भोजन के कई भौतिक गुणों को महसूस करते हैं, जिसे हम माउथफील कहते हैं। चिकनापन, क्रीमीपन और मुंह में परत (उदाहरण के लिए, तेल जैसा अहसास) चॉकलेट के मुंह में स्वाद के महत्वपूर्ण घटक हैं। उपभोक्ता यह भी उम्मीद करते हैं कि गोल आकार की चॉकलेट, कोणीय आकार की चॉकलेट की तुलना में अधिक मलाईदार होगी। इसलिए, एक निवाला खाने से पहले ही हमें लगता है कि चॉकलेट का अंडा अधिक क्रीमी होगा। ए अपेक्षाएं इस बात को आकार दे सकती हैं कि हम चॉकलेट के स्वाद का अनुभव कैसे करते हैं। हालांकि, यदि चॉकलेट अंडा अपेक्षा के अनुसार मलाईदार नहीं है, तो यह निराशाजनक हो सकता है। चॉकलेट को जिस तापमान पर बनाया और संग्रहीत किया जाता है, उसका भी उसकी बनावट पर असर पड़ता है। ब्लूम युक्त चॉकलेट खाना सुरक्षित है, लेकिन बिना ब्लूम युक्त चॉकलेट की तुलना में इसका स्वाद कम मलाईदार हो सकता है। चॉकलेट में ब्लूम एक ऐसी स्थिति होती है जहां चॉकलेट की सतह पर सफेद या भूरे रंग की एक परत दिखाई देती है। क्योंकि ईस्टर के दौरान मांग बहुत अधिक होती है, चॉकलेट निर्माता कभी-कभी तेजी से खोखले ईस्टर अंडे बनाने के लिए तेजी से ठंडा करने की तकनीक का उपयोग करते हैं। चॉकलेट का आकार- हम पहले ही सुन चुके हैं कि चॉकलेट का आकार इस बात को प्रभावित करता है कि हम उसे कितना मलाईदार मानते हैं। लेकिन चॉकलेट का आकार हमारे खाने के अनुभव के दूसरे पहलुओं को भी प्रभावित करता है। कोई व्यक्ति चॉकलेट कैसे खाता है, इससे भी उसका स्वाद बदल सकता है। इसलिए एक व्यक्ति ईस्टर चॉकलेट कैसे खाता है, इसका भी इस बात पर प्रभाव पड़ सकता है कि वह इसे नियमित चॉकलेट के बजाय पसंद करता है या नहीं। ईस्टर वर्ष में केवल एक बार आता है- ईस्टर अपने प्रियजनों के साथ जश्न मनाने का एक शानदार मौका है। ईस्टर चॉकलेट का आनंद लें और उसका स्वाद लें, चाहे वह अंडे के आकार की हो या किसी और तरह की।



# 'वो मेरे पास आया...', साउथ एक्ट्रेस संग मुंबई लोकल ट्रेन में हुई थी छेड़छाड़, सुनाया शर्मनाक किस्सा



साउथ एक्ट्रेस मालविका मोहनन ने एक शर्मनाक घटना का खुलासा किया जो उस समय हुई जब वह कॉलेज के लिए मुंबई लोकल ट्रेन से आना-जाना करती थीं। उन्होंने उस वक्त को याद किया और बताया कि कैसे एक अजनबी ने उनसे किस करने के लिए कहा था। इस पर चर्चा करते हुए उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बात की है जो सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षित नहीं हैं। साथ ही उन्होंने अपने साथ हुए एक डरावने इंसिडेंट को भी याद किया है जब वह एक लोकल ट्रेन में अपनी दो दोस्तों के साथ ट्रेवल कर रही थीं और उनके साथ बदतमीजी की गई।

**मालविका मोहनन संग ट्रेन में हुई थी बदतमीजी**

हॉटरफ्लाई से बातचीत के दौरान मालविका ने कहा, 'आज, वह मुंबई या किसी अन्य शहर में सुरक्षित महसूस करती हैं, क्योंकि उनके पास अपनी कार और ड्राइवर है, लेकिन ऐसा हर महिला के साथ नहीं होता है। लोग अक्सर कहते हैं कि मुंबई महिलाओं के लिए सुरक्षित है, लेकिन मैं उस धारणा को सही करना चाहूंगी। आज, मेरे पास अपनी कार और ड्राइवर है। इसलिए अगर कोई मुझसे पूछे कि क्या मुंबई सुरक्षित है तो मैं हां कहूंगी। पर हर कोई सुरक्षित नहीं है।' इसके बाद उन्होंने कॉलेज के दिनों की एक खौफनाक घटना को याद किया। एक्ट्रेस ने बताया, 'मुझे याद है कि एक बार मैं और मेरी दो सहेलियां लोकल ट्रेन से वापस आ रही थीं और मुझे लगता है कि रात के 9.30 बजे थे और हम फर्स्ट क्लास में थे। इसलिए, कम्पार्टमेंट काफी खाली था। असल में हम तीनों के अलावा कोई और नहीं था। हम खिड़की की ग्रिल के पास बैठे थे और एक आदमी, जैसे ही उसने हम तीनों लड़कियों को बैठे देखा तो ग्रिल के बहुत करीब आ गया, अपना चेहरा ग्रिल पर चिपका दिया और उसने कहा, एक चुम्मा देगी क्या?'

**सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षित नहीं महिलाएं**

उन्होंने आगे कहा, 'हम तीनों ही हैरान रह गए। उस उम्र में, आपको यह भी नहीं पता होता कि ऐसी परिस्थितियों में कैसे जवाब दिया जाए? क्या होगा अगर वह ट्रेन के अंदर कुछ कर दे?' मालविका ने कहा कि यह सिर्फ एक घटना थी और सार्वजनिक स्थानों पर यात्रा करने वाली हर महिला के पास उत्पीड़न और छेड़छाड़ की ऐसी अनगिनत कहानियां होंगी। इस बीच, काम की बात करें तो मालविका प्रभास के साथ अपनी तेलुगु डेब्यू फिल्म 'द राजा साब' की रिलीज के लिए तैयार हैं। हॉरर-कॉमेडी 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी। हालांकि, इसे आगे बढ़ा दिया गया है और नई रिलीज की तारीख की घोषणा अभी नहीं की गई है।




## 'अब काम आई मुक्केबाजी..', जमकर मारधाड़ करती नजर आई अदृश्यम 2 की अभिनेत्री...

अभिनेताओं के साथ-साथ हिंदी सिनेमा में इन दिनों फिल्मकार अभिनेत्रियों को भी एक्शन करने के खूब मौके दे रहे हैं, खास बात है कि यह दर्शकों को भी खूब पसंद आ रहा है। धारावाहिक 'मन की आवाजः प्रतिज्ञा' फेम अभिनेत्री पूजा गौर भी सोनी लिव पर हालिया प्रदर्शित वेब सीरीज 'अदृश्यम' के दूसरे सीजन में खुफिया विभाग की अधिकारी दुर्गा की भूमिका में एक्शन करती नजर आईं।

खास बात यह है कि पूजा पहले से ही किक बॉक्सिंग में प्रशिक्षित हैं। जो उन्हें इस शो में काम आई। वह बताती हैं, 'जब आपको किसी चीज की बेसिक बातें पता होती हैं, तो आगे की चीजें उसके आधार पर आराम से सीख सकते हैं।' वह बताती हैं, 'मैंने कुछ साल पहले शौक के तौर पर किक बाक्सिंग सीखी थी। उसमें मैंने जो भी चीजें सीखीं, वो सारी इस शो में हैंड टू हैंड कॉम्बैट (हाथों से लड़ाई) और बाकी के एक्शन सीन करने में काम आईं।'

## 'केसरी 2' कुछ ही देर में कर लेगी 'जाट' की बराबरी!

### बनेगी 2025 में ऐसा करने वाली दूसरी फिल्म



अक्षय कुमार की फिल्म केसरी चैप्टर 2 बॉक्स ऑफिस पर पहले से मौजूद सनी देओल की जाट के साथ सिनेमाहॉल में मौजूद है. तरण आदर्श के मुताबिक, फिल्म को सिर्फ 1000 स्क्रीन्स दी गई हैं और उसके बावजूद फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शुरूआती 3 दिनों में बढ़िया कमाई की है. फिल्म सही मायने में करीब एक दर्जन फ्लॉप फिल्म देने वाले अक्षय कुमार का बेहतरीन कमबैक साबित हुई है. फिल्म को ज्यादातर रिव्यूवर्स ने अच्छे रिव्यू दिए हैं और साथ ही साथ अक्षय कुमार की एक्टिंग की भी तारीफ की है. कम स्क्रीन में रिलीज किए जाने के बावजूद केसरी 2 अच्छा कलेक्शन कर रही है. फिल्म की आज की कमाई यानी चौथे दिन की कमाई के शुरूआती आंकड़े भी सामने आ चुके हैं तो चलिए जानते हैं कि फिल्म ने अभी तक कितनी कमाई कर ली है और कौन से रिकॉर्ड तोड़ डाले हैं. केसरी 2 ने ऑफिशियल आंकड़ों के मुताबिक ओपनिंग डे पर जितना कलेक्शन किया उससे ज्यादा कलेक्शन दूसरे और तीसरे दिन किया. तीन दिनों में फिल्म ने 29.62 करोड़ रुपये कमा लिए. नीचे टेबल में आप फिल्म की हर दिन की कमाई अलग-अलग देख सकते हैं. बता दें कि टेबल में आज की कमाई से जुड़े आंकड़े सैक्निल्क के मुताबिक हैं और फाइनल नहीं हैं. ये आंकड़े 9:05 बजे तक के हैं और इनमें बदलाव हो सकता है.

## सनी देओल की 'जाट' 500 करोड़ी 'गदर 2' जैसा रिकॉर्ड बनाने के करीब, जानें बॉक्स ऑफिस कलेक्शन

सनी देओल की फिल्म जाट ने बॉक्स ऑफिस पर अलग ही नजारा पेश किया है. साल 2023 में आई गदर 2 जैसा बिजनेस न सही लेकिन थिएटर्स में फिल्म के तेवर बिल्कुल वैसे ही हैं.

गदर 2 की कमाई दूसरे वीकडेज में 20 करोड़ के आसपास के आंकड़ों में आ गई थी लेकिन जैसे ही दूसरा वीकेंड शुरू हुआ इसकी कमाई फिर से 30 से 40 करोड़ के बीच पहुंच गई. हालांकि, जाट दहाई के आंकड़े तक तो नहीं पहुंची लेकिन 2 साल पुरानी गदर 2 के जैसे ही फिल्म ने दूसरे वीकेंड कमाई में बढ़त हासिल की. फिल्म को रिलीज हुए आज 12 दिन हो चुके हैं और फिल्म की कमाई से जुड़े आज के शुरूआती आंकड़े भी सामने आ चुके हैं. तो चलिए जानते हैं कि फिल्म अभी तक कितना कमा चुकी है और कौन सा रिकॉर्ड बनाने वाली है नीचे आप 12 दिनों में फिल्म ने कब-कब कितना कमाया, इसे अलग-अलग देख सकते हैं.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com